**मंडल सभागार धनबाद में दिनांक 19.01.2024 को आयोजित "मंडल संसदीय समिति" की बैठक में माननीय सांसद एवं प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर मंडल की अभियुक्ति ।**

| **1. श्री पशुपति नाथ सिंह,माननीय सांसद /धनबाद** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | जनसाधारण के लिए आवागमन की सुविधा बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा अन्य मंडलों की तुलना में पिछले एक वर्ष में कोई भी नई ट्रेन धनबाद मंडल को नहीं मिली है । | महोदय को अवगत कराना है कि दिनांक 12.09.2023 को धनबाद मंडल के न्यू गिरिडीह से राँची के मध्य एक इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया गया था, जिसे वर्तमान में आसनसोल तक विस्तार किया गया है।<br>इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 2 | सांसदों द्वारा उठाये गये मुद्दों, सुझावों को महत्वपूर्ण मानते हुए रेल प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल की जानी चाहिए । | महोदय के सुझाव का अनुपालन किया जा रहा है। |
| 3 | रेल कॉलोनियों में उचित साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए । | महोदय के सुझाव का अनुपालन किया जा रहा है तथा इसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। |
| 4 | बरमसिया में एक कॉलोनी से दूसरे कॉलोनी जाने के लिए रेलवे कर्मचारी को एक कि.मी. से अधिक चल कर जाना पड़ता है उन्होंने इसके समाधान की मांग की । | बरमसिया में एक कॉलोनी से दूसरे कॉलोनी जाने के लिए FOB का कार्य प्रगति पर है, जिसे जून'2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। |
| 5 | रेलवे अस्पताल द्वारा गंभीर रुप से बीमार कर्मचारियों को अनफिट करने से संबंधित मामलों को महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक अपने स्तर से जाँच कर शीघ्र निष्पादित करें जिससे कि कर्मचारी एवं उनके परिवारों को त्वरित सहायता मिल सके । | गंभीर रूप से बीमार कर्मचारियों को अनफिट करने से सम्बंधित मामलों का निष्पादन भारतीय रेल चिकित्सा नियमावली तथा समय-समय पर रेलवे बोर्ड से निर्गत सर्कुलर के तहत किया जाता है । यद्यपि इस तरह के केस का निष्पादन यथाशीघ्र हो इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। |
| 6 | धनबाद मंडल में पैसेन्जर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए । | वर्तमान में इस मंडल में 25 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।<br>इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 7 | धनबाद मंडल से खुलने एवं गुजरने वाली ट्रेनों में आपातकालीन कोटा घटा दिया गया है इसे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702/एम पी मीटिंग/धनबाद/24 दिनांक 26.04.2024 के माध्यम से मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है।<br>मुख्यालय के द्वारा गाड़ी सं. 13351 धनबाद – अल्लेपी, 13307 गंगा-सतलज एक्सप्रेस, 13329 गंगा-दामोदर एक्सप्रेस, 11447 शक्तिपुंज एक्सप्रेस, 12987 अजमेर-सियालदह एवं 12877 गरीब रथ एक्सप्रेस के विभिन्न श्रेणियों के आपातकालीन कोटे में वृद्धि की गयी है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 8 | कोरोना काल के दौरान बंद हुए कई ट्रेनों विशेषकर मेमू गाड़ियाँ जिससे गरीब वर्ग सीधे लाभान्वित होता था, का पुनः परिचालन रेलवे द्वारा अभी तक सुनिश्चित नहीं किया गया है । इस दिशा में सकारात्मक पहल किये जाने की आवश्यकता है । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 9 | उन्होंने धनबाद से हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलूरू के लिए सीधी रेल सेवा प्रदान करने की माँग की । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 10 | धनबाद की जनता की पुरानी मांग धनबाद से नई दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन की है । इस पर रेल प्रशासन को ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 11 | कुमारधुबी से रोज हजारों लोगों का रोजी-रोटी या अन्य काम से धनबाद आगमन होता है इसको देखते हुए धनबाद – पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव कुमारधुबी स्टेशन पर दिया जाना चाहिए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 12 | रेलवे स्टेशन के दक्षिण छोर में अंडर सब-वे के संबंध में पूर्व में पत्र के माध्यम से कार्यो में किए गए अनियमियता के संबंध में शिकायत की थी जिसमें आग्रह किया गया था कि दोषी पर कार्रवाई कर किए गए कार्यों से अवगत कराया जाए परंतु पत्र के तीसरे दिन आर.सी.सी. सड़क के ऊपर प्रीमिक्स कार्पोटिंग कर दिया गया जिससे प्रतीत होता है कि पूर्व में किए गए आर.सी.सी. के कार्यो में गड़बड़ी थी। यदि गड़बड़ी थी तो ठेकेदार पर आपने क्या कार्यवाई की अभी तक आपके द्वारा की गई कार्यवाई से मुझे अवगत नहीं कराया गया है। | दक्षिण छोर पर नये सब-वे का पूरा काम हो गया था परन्तु उसके ऊपर wearing coat का कार्य बाकी था। बाद में wearing coat का कार्य करा दिया गया। वर्तमान में यह रोड सुचारू रूप से परिचालन में है। |
| 13 | रेलवे स्टेशन के दक्षिण छोर में डी.ए.वी. मैदान से होते हुए पुराना बाज़ार फाटक तक जो सड़क बनी है उसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिसकी शिकायत मैंने आपको की थी और आपने मुझे जबाव दिया कि सड़क को ठीक करा दिया गया है, परंतु अभी भी आप देखेंगे की सड़क की स्थिति अच्छी नहीं है। इसकी जांच कराई जाये और की गई कार्रवाई से मुझे अवगत कराया जाय। | सड़क की अस्थायी मरम्मती कराई गई है । कोष की अनुपलब्धता के कारण सड़क में सिर्फ WBM कराया गया है । कोष की उपलब्धता होने पर बचे हुए कार्य को रेल प्रशासन द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए अलग से कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। इस मार्ग में जो बड़े pot holes बन गए थे उसे अस्थायी रूप से ठीक कराया गया था। धनबाद स्टेशन को रेलवे बोर्ड द्वारा री-डेवलपमेंट के लिए चयनित किया गया है एवं इसके लिए DPR अंतिम चरण में है। इस DPR के अनुसार धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर पर पहुँच पथ का भी काम होना है। DPR स्वीकृति एवं कार्य स्वीकृति के बाद इस सड़क को स्थायी रूप से बनाया जाएगा। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 14 | रेलवे कॉलोनी में क्वार्टर की स्थिति काफी जर्जर है इसकी मरम्मती हेतु मैंने आपको पत्र भी लिखा था जिसके जवाब में मुझे जानकारी दी गई कि 2022-23 में 1860 रेल क्वार्टर की मरम्मती कराई गई है। कहाँ-कहाँ क्वार्टर की मरम्मती हुई है, उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। | धनबाद मंडल के धनबाद में रंगाटांड कॉलोनी, बेकार बांध कॉलोनी, हिल एंड हॉस्पिटल कॉलोनी एवं डी.एस. कॉलोनी में 112 आवासों की मरम्मती की गई है। वर्ष 2022-23 में धनबाद मंडल में कुल 1860 क्वार्टर की मरम्मती की गई थी, जिसका विवरण संलग्न है। (Annexure -1) |
| 15 | भूली हॉल्ट का प्लेटफ़ॉर्म ऊँचा कराया जाए। | भूली हॉल्ट का प्लेटफ़ॉर्म ऊँचा करने हेतु वर्ष 2024 – 25 में कार्य प्रस्तावित किया गया है, स्वीकृति उपरांत कार्य करवाया जाएगा। |
| 16 | स्वर्णरेखा ट्रेन का ठहराव रखितपुर स्टेशन पर किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 17 | धनबाद गिरिडीह रेलवे लाइन की क्या प्रगति है इसकी जानकारी दी जाए। | धनबाद – गिरिडीह रेलवे लाइन का RET सर्वेक्षण का कार्य वर्ष 2018-19 में पूरा कर लिया गया था और इसका रिपोर्ट बोर्ड को भेजा गया था। अभी तक रेलवे बोर्ड से इस नए रेलवे लाइन के निर्माण की स्वीकृति अप्राप्त है।<br><br>इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 18 | धनबाद से पटना होते हुए गोरखपुर तक ट्रेन चलाया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 19 | धनबाद से नई दिल्ली तक सीधी ट्रेन चलाई जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 20 | धनबाद से बैंगलोर तक सीधी ट्रेन चलाई जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 21 | बरमसिया फाटक के पास फूट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। | बरमसिया फाटक के पास रोड ओवर ब्रिज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त बरमसिया फाटक के नजदीक फुट ओवर ब्रिज (काठ पुल) का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे जुलाई' 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। |
| 22 | गाड़ी सं०- 15661 राँची कामख्या एक्सप्रेस, 18105 राउरकेला जयनगर एक्सप्रेस, 13319 दुमका राँची एक्सप्रेस, 12371 हावड़ा बीकानेर एक्सप्रेस, 12353 हावड़ा लालकुआँ एक्सप्रेस, 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस, 13167 कोलकाता आगरा कैंट, 17322 जसीडीह वास्कोडिगामा एक्सप्रेस, 13025 हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस, 22317 सियालदाह जम्मूतवी हमसफ़र एक्सप्रेस, 19607 कोलकाता अजमेर एक्सप्रेस, 19414 मदार एक्सप्रेस (कोलकाता अहमदाबाद एक्सप्रेस ), 13425 मालदा सूरत एक्सप्रेस, 12259 दुरंतो एक्सप्रेस, 13403 वनांचल एक्सप्रेस, 18619 रांची दुमका गोड्डा एक्सप्रेस में आपातकालीन कोटा दिया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी० 702/एम. पी. मीटिंग/धनबाद/24 दिनांक 29.04.2024 के माध्यम से मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 23 | रेलवे हॉस्पिटल का आधुनिकीकरण किया जाए। | विगत कुछ वर्षों से रेलवे हॉस्पिटल के आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है। इस आलोक में निम्न कार्य किया गया/कार्य प्रगति पर है।<br>1. मंडल रेल अस्पताल के आधुनिकीकरण के तहत ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था की गई है।<br>2. मंडल रेल अस्पताल हेतु डिजिटल एक्स-रे क्रय करने की स्वीकृति सक्षम अधिकारी के द्वारा प्राप्त हो गई है एवं इसकी आपूर्ति यथाशीघ्र करने हेतु टेंडर प्रकाशित किया गया है।<br>3. अस्पताल के सभी वार्ड में एसी की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य की स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर ली गई है। कार्य टेंडर के अधीन है।<br>4. अस्पताल परिसर के अन्दर का रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण रोड पर पहले से पिचिंग को हटाकर ढलाई रोड बनाया गया है।<br>5. मंडल रेल अस्पताल/धनबाद में ओपीडी डेंटल क्लीनिक के लिए सभी आवश्यक सामग्री तथा डेंटल एक्स-रे मशीन, डेंटल चेयर इत्यादि उपलब्ध करा दिया गया है।<br>6. चिकित्सक की कमी को देखते हुए संविदा के तहत 09 चिकित्सक का चयन किया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 24 | पाथरडीह रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज एवं प्लेटफ़ॉर्म का निर्माण कराया जाए। | पाथरडीह रेलवे स्टेशन पर फूट ओवरब्रिज एवं प्लेटफ़ॉर्म निर्माण का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य जून' 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। |
| 25 | स्टेशन के दक्षिणी छोर में टोटो रिक्शा को आने के लिए स्थानीय ठेकेदार द्वारा रोका जाता है। अत: इन्हें भी गेट तक आने की अनुमति दी जाए। | महोदय के सुझाव का अनुपालन कर दिया गया है। |
| 26 | गंगा दामोदर ट्रेन में स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाई जाए। | गंगा दामोदर ट्रेन एलएचबी कोच से संचालित है एवं अधिकतम permissible लोड से चल रही है। इसलिए इस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाना संभव नहीं है। |
| 27 | रेलवे मंत्रालय द्वारा धनबाद रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिससे धनबाद स्टेशन की भव्यता बढ़ेगी परंतु आधुनिकीकरण के दौरान जैसा कि मुझे स्थानीय लोगों ने बताया है कि स्टेशन के बाहर जो दुकान स्थित है जिनको जिला प्रशासन ने आवंटन दिया है वैसे दुकानदार विस्थापित न हो उनको भी उचित जगह पर दुकान आवंटन किया जाए जिससे उन गरीबों की रोजी-रोटी चल सके। | धनबाद स्टेशन को रेलवे बोर्ड द्वारा री-डेवलपमेंट के लिए चयनित किया गया है, स्टेशन के री-डेवलपमेंट के उपरांत नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी। |
| 28 | डी.ए.वी स्कूल रोड फाटक के आगे सड़क की स्थिति जर्जर है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाना चाहिए। | डी.ए.वी स्कूल रोड फाटक के आगे सड़क की मरम्मती हेतु प्राक्कलन तैयार किया गया है, कोष उपलब्ध होने पर कार्य कराया जाएगा। |
| 29 | स्टेशन के दक्षिण छोर के पास मैदान का सौंदर्यीकरण कराई जाए। | धनबाद स्टेशन को रेलवे बोर्ड द्वारा री-डेवलपमेंट के लिए चयनित किया गया है तथा इसके लिए DPR का कार्य अंतिम चरण में है। इस कार्य में मैदान का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। |
| 30 | डी०ए०वी० स्कूल रोड में गंदगी का अम्बार लगा है, नाला का गंदा पानी सड़क पर बहता है। अत: नाली एवं सड़क की सफाई कराई जाए। | अनधिकृत सब्जी मंडी डी०ए०वी० रोड पर लगता है। रेल प्रशासन द्वारा अनधिकृत सब्जी विक्रेताओं को हटाया जाता है तथा इनके द्वारा फैलायी गई गंदगी एवं कूड़ा को रेल प्रशासन द्वारा नियमित रूप से साफ किया जाता है। |
| 31 | पुराना स्टेशन रोड में तेल डिपो जो बंद हो चुका है, असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। अतः इस जगह पर पार्क या आधुनिक सामुदायिक भवन बनाया जाए। | उक्त के सबंध में निरीक्षक/रेसुब पोस्ट/धनबाद को तेल डिपो में गश्त करने तथा निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है। पार्क या आधुनिक सामुदायिक भवन के लिए कोष उपलब्धता के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 32 | आसनसोल-धनबाद 63551/52 मेमू पैसेंजर ट्रेन जो कोरोना काल से बंद है को पुनः चालू कराया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 33 | सिंदरी के गौशाला में रेलवे का अंडरपास है, उसमे जेविबीएनएल अपना (एचटी ) तार छाताबंद बस्ती ले जाना चाहता है, अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता है। | जेविबीएनएल द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगें जाने पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। |
| 34 | दक्षिण साइड में आरक्षित टिकट काउंटर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुली रहती है उसे रात 8 बजे तक खोला जाए। | वर्तमान में धनबाद स्टेशन के दक्षिण साइड में स्थित आरक्षित टिकट काउंटर सुबह 8 बजे से दोपहर 14.00 बजे तक खुली रहती है, इस शिफ्ट में प्रतिदिन औसत मांग पत्र 40 ही प्राप्त होता है। रेलवे के नियमानुसार दूसरा शिफ्ट तब ही खोलने का प्रावधान है जब मांग पत्र 180 या उससे अधिक हो। |
| 35 | प्लेटफ़ॉर्म सं०- 01 और 08 वाला लिफ्ट की मरम्मती कराया जाए नहीं तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है साथ ही जमीन सतह और लिफ्ट का सारा बटन ठीक कराया जाए। | प्लेटफ़ॉर्म सं०- 01 और 08 पर स्थित लिफ्ट की मरम्मती का कार्य करा लिया गया है तथा यात्रियों के लिए सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। |
| 36 | धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर में बने सड़क पर सब्जी विक्रेताओं के कारण गन्दगी का अम्बार लगा रहता है, पुराना बाजार सब्जी मंडी का बाउंड्रीवाल तोड़ा गया है जिसके कारण बाजार का कचरा सड़क पर फेंक दिया जाता है, इसलिए बाउंड्रीवाल का बंद कराना जनहित में उचित है। | इस सम्बन्ध में निरीक्षक/रेसुब पोस्ट/धनबाद द्वारा बताया गया है कि दिनांक- 07.01.24 को टूटे हुए बाउंड्री वाल को बंद कर दिया गया है तथा अनधिकृत रूप से सब्जी बेचने वाले सब्जी विक्रेताओं पर रेलवे एक्ट की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए अभी तक कुल 95 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 1,19,600/- रूपये का जुर्माना माननीय न्यायालय द्वारा वसूला गया है। |
| 37 | तेतुलतल्ला मैदान का सौंदर्यीकरण किया जाए। | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 38 | सभी प्लेटफ़ॉर्म में शौचालय की सुविधा हो। | धनबाद स्टेशन के सभी प्लेटफ़ॉर्म पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। |
| 39 | कुसुंडा, भूली में ओवरब्रिज बनाया जाए। | कुसुंडा में समपार फाटक सं.-2/B/3T पर ROB का कार्य स्वीकृत है, जोकि निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है। भूली में ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो गया है। |
| 40 | गंगा दामोदर एक्सप्रेस जो धनबाद से पटना जाती है, मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है की उस रेक को पटना से दुमका चलाने की योजना है। पटना से धनबाद आने वाली रेक काफी देरी से धनबाद पहुंचेगी जिससे काफी परेशानी होगी। अतः गंगा दामोदर के समय सारणी एवं स्थान में कोई बदलाव नहीं किया जाए। | धनबाद से पटना तक इसकी समय – सारणी पूर्व की भांति ही रखा गया है इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 41 | सियालदाह राजधानी में धनबाद से आपातकालीन कोटा बढ़ाई जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी० 702/MP/Meeting/DHN/24 दिनांक 26.04.2024 के माध्यम से मुख्यालय को अवगत कराया गया है। |
| 42 | 03318 गोमोह सिंदरी टाउन पैसेंजर कोरोना काल से बंद है , उसे पुन: चालू कराई जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 43 | स्टेशन के रिटायरिंग रूम को प्रत्येक दिन साफ-सफाई करायी जाए। | स्टेशन के रिटायरिंग रूम की साफ – सफाई नियमित रूप से प्रत्येक दिन कराई जाती है। |

| 2. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, माननीय सांसद गिरिडीह | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | सांसद महोदय द्वारा वंदे भारत ट्रेन के परिचालन के लिए धन्यवाद दिया गया। | धन्यवाद महोदय। |
| 2 | उन्होंने हावड़ा नई दिल्ली जी.सी. लाइन में रेलवे द्वारा चारदिवारी निर्माण के कारण कई गाँवों का एक दूसरे से संपर्क कट जाने का मुद्दा उठाते हुए छोटे – छोटे पुल तथा FOB निर्माण का सुझाव दिया । इसी क्रम में पारसनाथ के समीप राँगामाटी गाँव के पोल सं. 316/34 के समीप FOB निर्माण की माँग की । | पारसनाथ के समीप राँगामाटी गाँव के पोल सं. 316/34 के पास समपार फाटक सं०- 14/Spl/T (KM- 316/42-317/02) अवस्थित है, जहाँ अंडरपास निर्माण के लिए कार्य स्वीकृत है। |
| 3 | पिछली बैठक में दिये गये सुझावों एवं मांगों में सिर्फ 1-2 पर ही कार्य किया गया है । जो भी विकासात्मक मुद्दे सांसदों द्वारा बैठकों में उठाये जाते हैं उन पर सकारात्मक पहल किया जाना चाहिए । | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 4 | उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि यात्री सुविधाओं का विस्तारीकरण रेल का एक प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए । | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 5 | उन्होंने धनबाद – चन्द्रपुरा के मध्य ट्रेन का परिचालन शुरू करने हेतु रेल प्रशासन को बधाई देते हुए ट्रेन का ठहराव पूर्व की भाँति सभी स्टेशनों पर दिये जाने की माँग की । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 6 | मतारी स्टेशन में FOB उत्तर व दक्षिण में बाहर तक बनाया जाए । वर्तमान में FOB प्लेटफ़ॉर्म तक ही सीमित है और यात्रियों को जान जोखिम में डालकर खड़ी मालगाड़ियों के नीचे से जाना पड़ता है। | मतारी स्टेशन के मौजूदा FOB को उत्तरी छोर के तरफ विस्तारीकरण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य स्वीकृत किया गया है। परन्तु धनबाद से चन्द्रपुरा थर्ड लाइन कार्य के आ जाने के कारण इस प्रस्तावित कार्य को इस मद द्वारा पूरा कराया जाएगा। |
| 7 | पूर्वा एक्सप्रेस, जोधपुर एक्सप्रेस व लालकुँआ एक्सप्रेस का ठहराव नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेशन में दिया जाए जो बहुत पुरानी माँग है । धनबाद स्टेशन की दूरी बाघमारा, चन्द्रपुरा, फुसरो के यात्रियों के लिए लगभग 35 km. से 50 km. है। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 8 | निचितपुर - कतरासगढ़ स्टेशन को जोड़ने वाली रेल लाइन के फाटक की चौड़ाई बढ़ाई जाए, NHAI से समन्वय बनाकर जल्द कार्य शुरू कराया जाए, यहाँ दुर्घटनाएँ होती रहती है, जान माल के नुकसान होने का खतरा हैं। | निचितपुर - कतरासगढ़ को जोड़ने वाली रेल लाइन (लिलौरी मंदिर जाने वाली फोरलेन सड़क) पर समपार फाटक सं. 3/spl/3T अवस्थित है जिसके चौड़ीकरण के लिए रेलवे द्वारा NHAI Authority के पास प्राक्कलन जमा कर दिया गया है। यह कार्य NHAI द्वारा किया जाना है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 9 | निचितपुर हॉल्ट को स्टेशन के दर्जा दिया जाए, यहाँ से रोजाना हजारों यात्री बंगाल एवं बिहार के लिए MEMU, EMU से यात्रा करते हैं। | निचितपुर हॉल्ट HG-2 श्रेणी का है इस स्टेशन पर वर्ष 2023-24 में जावक यात्रियों की संख्या 178580 थी, रेलवे नीति के अनुसार जावक यात्रियों की संख्या प्रतिवर्ष 03 लाख से अधिक होने पर स्टेशन का दर्जा देने पर विचार किया जा सकता है। |
| 10 | धनबाद से गोमोह वाया महुदा भोजूडीह circular पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए । छात्र- छात्रों दिहाड़ी मजदूरों को इस क्षेत्र की लाखों आबादी का सुगम आवागमन उपलब्ध हो सकेगा। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 11 | चन्द्रपुरा स्टेशन, फुसरो स्टेशन, बोकारो थर्मल स्टेशन और गोमिया स्टेशन के कोच इंडिकेशन सिस्टम की आवश्यकता है। | चन्द्रपुरा स्टेशन पर कोच इंडिकेशन सिस्टम लगाने का कार्य स्वीकृत है, शेष स्टेशनों पर कार्य प्रस्तावित है। |
| 12 | भंडारीदाह स्टेशन, फुसरो स्टेशन, अमलो हॉल्ट, बेरमो स्टेशन, जारांगडीह स्टेशन, बोकारो थर्मल स्टेशन, गोमिया स्टेशन जगेश्वर बिहार स्टेशन, दनिया स्टेशन, कर्माहट स्टेशन में मूलभूत यात्री सुविधाओं (पानी, लाइट, शौचालय) के साथ प्लेटफ़ॉर्म की लम्बाई 300 मीटर की जाए। | पीने का पानी की सुविधा सभी स्टेशनों पर उपलब्ध है। भंडारीदाह स्टेशन, फुसरो स्टेशन, अमलो हॉल्ट एवं बेरमो स्टेशन पर प्री – फेब्रिकेटेड शौचालय उपलब्ध है, भंडारीदाह और बोकारो थर्मल स्टेशन में प्लेटफ़ॉर्म की लम्बाई बढ़ाने का कार्य किया गया है। अन्य स्टेशनों पर यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए कार्य प्रस्तावित किया जाएगा। |
| 13 | बालुटुंडा गाँव, असनसिंघा गाँव, केंदुआडीह गाँव को पंचायत सचिवालय से मुख्य सड़क NH-2 प्रतापपुर जोड़ने वाली सड़क में रेलवे द्वारा चहारदीवारी करने से आवागमन ठप है, इसलिए कुम्हारडीह में 313/10 पोल संख्या के बगल में ओवरब्रिज या अंडर पास बनाना अत्यंत आवश्यक है। | कुम्हारडीह में पोल सं०- 313/10 के पास रेलवे का कोई समपार फाटक नहीं है। चूँकि यहाँ पर रेलवे का कोई लेवल क्रासिंग गेट नहीं है, अत: राज्य सरकार द्वारा approach road के सम्बन्ध में पुष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत ही उस स्थान पर रेलवे द्वारा feasibility के आधार पर अंडरपास या ओवर ब्रिज निर्माण के सम्बन्ध में विचार किया जाएगा। उक्त स्थान के नजदीक रेलवे किमी- 314/9-11 पर समपार फाटक सं०- 13/C/E है जहाँ अंडरपास निर्माण का कार्य प्रगति में है। |
| 14 | अमलो हॉल्ट और बेरमो स्टेशन के बीच रामविलास +2 उच्च विद्यालय के निकट कोयले में आग लगने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है अतएव पूर्व में दामोदर रेलवे डायवर्सन जो बनाया गया था उस उक्त दुर्घटना से बचने के लिए दामोदर रेलवे डायवर्सन को चालू किया जाए। | अमलो हॉल्ट और बेरमो स्टेशन के बीच रेलवे का कोई भी दामोदर रेलवे डायवर्सन नहीं है। रेल लाइन के निकट कोयले में आग लगने का सर्वेक्षण करने के बाद आवश्यक उचित कार्यवाई की जाएगी। |
| 15 | गोमोह रेलवे स्टेशन में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी नहीं लगाया गया है अतएव गोमोह स्टेशन के दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, अभी सिर्फ स्टेशन के बीच में सीसीटीवी लगाया गया हैं। | वर्तमान में गोमोह रेलवे स्टेशन पर 30 CCTVs कैमरा लगाया गया है। स्टेशन के दक्षिण हिस्से में विकास कार्य चल रहा है, कार्य पूर्ण होने के उपरांत और CCTVs कैमरा लगाया जाएगा। |

| 3. श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद पलामू | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | माननीय सांसद महोदय द्वारा रेलवे द्वारा विद्युतीकरण, दोहरीकरण, यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में लाई गई उल्लेखनीय प्रगति के लिए रेलवे को बधाई दिया गया। | धन्यवाद महोदय। |
| 2 | अन्य मंडलों एवं अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड एवं धनबाद मंडल में आर.ओ.बी एवं आर.यू.बी के निर्माण कार्यों में आई कमी की चर्चा करते हुए आवश्यकता के अनुरूप इनका निर्माण किये जाने की माँग की । | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 3 | सांसद महोदय द्वारा नगर उँटारी में निर्माणाधीन आर.ओ.बी की धीमी प्रगति की चर्चा की गई एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की । | नगर उँटारी में रेलवे द्वारा कोई भी आर.ओ.बी निर्माणाधीन नहीं है । वहाँ पर समपार फाटक संख्या 36 है जिसपर अंडर पास का कार्य चल रहा है तथा इसे मई '24 तक पूरा कर लिया जाएगा। |
| 4 | गढ़वा रोड एवं डाल्टनगंज में निर्माणाधीन एफ.ओ.बी की इंट्री दोनों साइड खुलनी चाहिए । | गढ़वा रोड एवं डाल्टनगंज में एफ.ओ.बी का निर्माण किया जा चुका है तथा एफ.ओ.बी की इंट्री दोनों साइड से है। |
| 5 | तोलरा स्टेशन में निर्माणाधीन एल.एच.एस. का सेप दोनों तरफ कवर नहीं है । डिजाईन या अन्य जो भी समस्या है उसका समुचित निदान होना चाहिए । | तोलरा स्टेशन के पास समपार फाटक सं०- 3/C/E (KM-312/9-11) है जिसपर एल.एच.एस. का कार्य स्वीकृत है, कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है, जल्द शुरू किया जाएगा तथा इसमें दोनों तरफ कवर का प्रावधान किया गया है। |
| 6 | सुवा में प्रस्तावित एल.एच.एस. का निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किये जाने की माँग की । | सुवा में रेलवे किमी- 281/01-03 के पास एल.एच.एस. निर्माण हेतु वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है। स्वीकृति के उपरांत कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। |
| 7 | रेलवे एवं राज्य सरकार के आर.सी.डी. के मध्य तालमेल एवं समन्वय सही होना चाहिए ताकि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके एवं निर्माण कार्य संबंधी योजना समय से पूरी हो सके । | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 8 | डाल्टनगंज में रेड़मा साइड में रोड में लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए । | यह कार्य प्रस्तावित है, स्वीकृति के उपरांत कार्य प्रारंभ किया जाएगा । |
| 9 | रेलवे स्टेशनों पर दर्शनीय स्थलों, पर्यटन स्थलों के बोर्ड लगाये जाने चाहिए ताकि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके । | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 10 | ट्रेनों में वातानुकुलित कोचों की संख्या बढ़ाये जाने की आवश्यकता है इससे रेलवे एवं आम जनता दोनों लाभान्वित होगी। | वर्तमान में लगभग सभी लम्बी दुरी की ट्रेनों में वातानुकूलित कोचों की संख्या बढ़ा दी गयी है।<br>इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 11 | ट्रेन सं० 03363/64 डेहरी ऑन सोन – बरवाडीह में कोच की संख्या बढ़ाने की माँग की । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 12 | राँची – चोपन एक्सप्रेस, राँची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में कोच की संख्या बढ़ाये जाने की आवश्यकता है । कम कोचों के कारण इन ट्रेनों में भीड़ से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 13 | धनबाद मंडल को ट्रेनों की गति बढाने एवं ट्रेनों की समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिये जाने का सुझाव दिया । | रेलवे में सुरक्षा एवं समय पालन प्रथम प्रतिबद्धता है और बेहतर समय अनुपालन हेतु सम्बंधित मंडल से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। |
| 14 | रेल नीर की आपूर्ति माँग की तुलना में कम है अतः झारखंड के पलामू, डाल्टनगंज में रेल नीर का प्लांट लगवाने हेतु रेलवे अपनी ओर से सार्थक पहल करे । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव से IRCTC को पत्र सं. सी. 702/सा०/43/24 दिनांक 24.04.2024 के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 15 | उन्होंने पूर्व में उनके द्वारा दिये गये नगर उँटारी स्टेशन का नाम परिवर्तन करने से सबंधित प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति की जानकारी माँगी । | स्टेशन के नाम में परिवर्तन राज्य सरकार के अनुशंसा करने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किया जाता है।<br>इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 16 | 12453/12454 राँची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उँटारी (श्री वंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 17 | 12453/12454 राँची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का डाल्टनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी .702 /एमपी/मीटिंग/एजेंडा/24 दिनांक 09.01.2024 के माध्यम से मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 18 | 12453/12454 राँची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को राँची- डाल्टनगंज, गढ़वा होते हुए नई दिल्ली रूट पर सप्ताह में 02 दिन के बदले 04 दिन किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 19 | पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं. 13347/13348 को राजहरा स्टेशन पर ठहराव। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 20 | बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन सं. 53351/53352 का परिचालन पुन: प्रारम्भ किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 21 | प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, राँची, लोहरदगा, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 22 | राँची - चोपन एक्सप्रेस ट्रेन सं. 18613/18614, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन सं. 13349/50 का ठहराव मेरालग्राम स्टेशन पर किया जाए। | राँची - चोपन एक्सप्रेस ट्रेन सं. 18613/14 का ठहराव दिनांक 14.03.2024 से मेरालग्राम स्टेशन पर प्रारंभ कर दिया गया है। पटना - सिंगरौली एक्सप्रेस का ठहराव से सम्बंधित महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO(PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 23 | गरीब रथ ट्रेन सं. 12877/12878 का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 24 | राँची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन सं. 12877/12878 को जो सप्ताह में 03 दिन चलती है उसे 04 दिन किया जाए साथ ही उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डाल्टनगंज स्टेशन पर दिया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 25 | राँची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सं. 18635/18636 एवं सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन सं. 13349/13350 का सिगसिगी स्टेशन पर ठहराव। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 26 | पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं. 13347/13348 को पुराने समय सारणी के अनुसार चलाया जाए। उक्त ट्रेन डाल्टनगंज स्टेशन पर रात्रि 10:30 बजे पहुंचती थी और लोगों को इस ट्रेन से यात्रा करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती थी बल्कि पटना जाने के लिए इससे बेहतर कोई ट्रेन नहीं थी। परन्तु परिवर्तित समय सारणी के अनुसार अब यह ट्रेन डाल्टनगंज स्टेशन पर रात्रि 12:05 बजे पहुंचती है। सचेत होकर टिकट नहीं कटाने के चलते पूर्व की तारीख का टिकट कटा लेते हैं जबकि तारीख बदल गई रहती है और इस प्रकार वह टिकट उक्त बदली तिथि को यात्रा करने के लिए अमान्य हो जाता है। तात्पर्य यह है कि आज की तारीख 11/12/2023 को पलामू एक्सप्रेस का दिन में टिकट कटाने जाते हैं तो 11/12/2023 का टिकट कटा लेते हैं जब कि यात्रा करते समय 12:05 बजे 12/12/2023 हो जाता है और वह टिकट अमान्य हो जाता है। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी .702 /एमपी/मीटिंग/एजेंडा/24 दिनांक 09.01.2024 के माध्यम से मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 27 | डाल्टनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्याधिक है। अत: राँची से गोरखपुर एक नई ट्रेन चलाई जाए जो कोरोना काल में चली भी थी। उसे बंद कर दिया गया है पुन: चालू किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 28 | डाल्टनगंज स्टेशन पर एक नया FOB एवं 02 लिफ्ट लगाने का कार्य कब पूर्ण होगा और उसका उद्घाटन कब तक कराया जाएगा। | डाल्टनगंज स्टेशन पर एक नया FOB का कार्य पूरा कर लिया गया है। 02 लिफ्ट लगाने का कार्य पूरा हो गया है और यात्रियों के लिए शुरु कर दिया गया है। |
| 29 | पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाईन निर्माण कार्य योजना की अद्यतन स्थिति क्या है ? | पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाइन निर्माण योजना का कार्य लगभग पूरा हो चूका है। इस मंडल के अधीन पड़ने वाले थर्ड लाइन का कार्य गढ़वा रोड से चियांकी तक पूरा कर लिया गया है। |
| 30 | बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्त्तमान स्थिति क्या है ? | यह कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से सम्बंधित है। इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी .702 /एमपी मीटिंग/एजेंडा/24 दिनांक 09.01.2024 के माध्यम से मुख्यालय एवं सम्बंधित रेलवे को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 31 | गया-रफीगंज वाया शेरघाटी डाल्टनगंज नई रेलवे लाईन की वर्त्तमान स्थिति क्या है ? | गया – डाल्टनगंज वाया रफीगंज नई रेल लाइन परियोजना रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2008-09 में स्वीकृत हुआ था। इस रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत रफीगंज से डाल्टनगंज के बीच में शेरघाटी स्टेशन पड़ता है।<br><br>इंजीनियरिंग एवं यातायात सर्वेक्षण के अनुसार इस परियोजना का कमाई दर प्रतिफल (4.85 %) है। इस परियोजना पर रेलवे बोर्ड के पत्रांक 1/Budget/Gen/1-W/2019 दिनांक- 24.09.2019 के द्वारा अगले आदेश तक खर्च पर रोक लगा दिया गया था एवं परियोजना को सुसुप्ता अवस्था में रखा गया था। वर्तमान में इस परियोजना का ताजा/नया अंतिम सर्वेक्षण का कार्य रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या /2022 –W-II/ECR/FLS/28 (E-Office 3398430) दिनांक 19.01.2023. द्वारा स्वीकृत किया गया है। ताजा/नया अंतिम सर्वेक्षण का कार्य पुन: प्रारंभ हो चुका है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 32 | निम्नांकित स्थानों पर एलएचएस का निर्माण :- | |
| (i) | लालगढ़ – विश्रामपुर प्रखंड | लालगढ़ (KM-307/29-31) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है । यह कार्य स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड गया हुआ है । स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाएगा। |
| (ii) | पंजरीकला- विश्रामपुर प्रखंड | पंजरीकला (KM-306/1-3) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है । यह कार्य स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड गया हुआ है । स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाएगा। |
| (iii) | डाली- हैदरनगर प्रखंड | यह पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल से संबंधित है । इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702 /संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 25.04.2024 के माध्यम से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| (iv) | बुढ़वापीपर – डाल्टनगंज सदर प्रखंड | बुढ़वापीपर (KM-281/1-3) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है। |
| (v) | कजरात नावाडीह- हुसैनाबाद प्रखंड | यह पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल से संबंधित है । इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702 /संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 25.04.2024 के माध्यम से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| (vi) | बखारी –डाल्टनगंज सदर | बखारी (KM-276/21-23) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है। |
| (vii) | लहर बंजारी- उंटारी रोड प्रखंड एवं गढ़वा जिला के अंतर्गत | यह पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल से संबंधित है । इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702 /संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 25.04.2024 के माध्यम से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| (viii) | सोनपुरवा-गढ़वा प्रखंड | सोनपुरवा (KM-9/15-19) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है । यह कार्य स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड गया हुआ है । स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाएगा। |
| (ix) | अहिरपुरवा – नगर उँटारी | अहीरपुरवा (KM-47/05-07) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है । यह कार्य स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड गया हुआ है । स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाएगा |
| (x ) | कुम्भी – मेराल ब्लॉक। | कुम्भी (KM-18/19-20) में LHS निर्माण के लिए वर्ष 2023-24 में कार्य प्रस्तावित किया गया है। |

| 4. श्री सुनील कुमार सिंह जी, माननीय सांसद, चतरा | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | गया-चतरा नई रेल लाइन का शिलान्यास मार्च से पहले करने का आग्रह किया गया । | यह पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल से संबंधित है । इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702 /संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 25.04.2024 के माध्यम से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 2 | अर्जित आय की तुलना में धनबाद मंडल में यात्री सुविधाओं में कमी है । इस संबंध में ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है । | धनबाद मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी का प्रयास किया जा रहा है । इसी कड़ी में मंडल के 15 स्टेशनों का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है जिसमे अत्याधुनिक यात्री सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। |
| 3 | चंदवा आर.ओ.बी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किये जाने की माँग की । | टोरी स्टेशन के निकट चंदवा में समपार फाटक सं०-12/A/T पर रोड ओवर ब्रिज का कार्य स्वीकृत है, जोकि MoRTH द्वारा किया जाना है । ड्राइंग approved हो गया है तथ भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। |
| 4 | टोरी के समीप मौजूद अंडरब्रिज को शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए । | टोरी के समीप मौजूद अंडरब्रिज वाटर-वे ब्रिज है, इसे वाहन के आने-जाने के लिए नहीं बनाया गया है। |
| 5 | कोरोना काल के दौरान बंद हुई ट्रेनों का पुनः परिचालन उनके पुराने ठहराव के साथ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 6 | अयोध्या दर्शन हेतु विभिन्न मंडलों से विशेष ट्रेनें चलाये जाने की घोषणा की जा रही है । धनबाद मंडल से भी अयोध्या दर्शन हेतु विशेष ट्रेन का परिचालन पलामू, लातेहार, टोरी मार्ग से प्रारंभ करने की माँग की जिससे कि उस क्षेत्र की जनता अयोध्या धाम दर्शन हेतु जा सकें । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 7 | उन्होंने पलामू एक्सप्रेस का ठहराव छिपादोहर में दिये जाने की माँग की । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 8 | उन्होंने लातेहार स्टेशन में हावड़ा – अहमदाबाद एक्सप्रेस तथा हावड़ा – भोपाल एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाने की माँग की । | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| 5. माननीया श्रीमती अन्नपूर्णा देवी , लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के प्रतिनिधि श्री नागेन्द्र महतो | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | सर्वप्रथम उन्होंने हजारीबाग रोड स्टेशन के समीप बन रहे ROB के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। रेल प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई की ROB निर्माण हेतु टेंडर फाइनल हो गया है तथा 2-3 माह में कार्य प्रारंभ हो जायेगा। | हजारीबाग रोड स्टेशन के पास रेलवे कि.मी. 345/32 - 34 पर समपार फाटक संख्या – 20/Spl/T स्थित है, जिस पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य स्वीकृत है जोकि DFCCIL द्वारा किया जाना है। भूमि अधिग्रहण का कार्य कर लिया गया है तथा कार्य प्रगति में है। |
| 2 | उन्होंने हिरोडीह स्टेशन के समीप रमनाडीह केबिन के पास समपार फाटक संख्या 32/C/E पर स्वीकृत ROB निर्माण के अद्यतन स्थिति की जानकारी माँगी। | GAD का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। |
| 3 | उन्होंने यदुडीह स्टेशन में यात्रियों के सुविधा हेतु FOB का निर्माण करने की माँग की। | इसके लिए वर्ष 2024-25 में कार्य प्रस्तावित किया गया है। |
| 4 | कोडरमा स्टेशन पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं शौचालय के उचित साफ़ सफाई सुनिश्चित करने की माँग की। | कोडरमा स्टेशन पर शुद्ध पेयजल हेतु सप्लाई वाटर, वाटर कूलर एवं चापाकल की व्यवस्था किया गया है एवं शौचालय की साफ – सफाई नियमित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाती है। |
| 5 | उन्होंने धनबाद - सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव चौधरीबाँध स्टेशन में करने की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 6 | चिचाकी को राँची राजधानी से जोड़ने के लिए ट्रेन उपलब्ध नहीं है अतः राँची से चलने वाली ट्रेन का ठहराव चिचाकी स्टेशन में करने की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 7 | उन्होंने 12259-60 दुरंतो एक्सप्रेस, 12357-58 दुर्गियाना एक्सप्रेस, 22317-18 हमसफर एक्सप्रेस एवं 22323-24 शब्दभेदी एक्सप्रेस का ठहराव कोडरमा स्टेशन पर करने की माँग की। | 12259-60 दुरंतो एक्सप्रेस का ठहराव दिनांक 26.02.24 से कोडरमा स्टेशन पर हो गया है। शेष ट्रेनों के ठहराव हेतु महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 8 | सरमाटांड स्टेशन पर 13151-52 जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 9 | उन्होंने कोडरमा क्षेत्र के आसपास की आबादी के काम के सिलसिले में मुंबई तथा गुजरात के जाने की जानकारी देते हुए इस क्षेत्र के जनता की सुविधा के लिए मुंबई तथा गुजरात के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 10 | हिरोडीह रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के दोनों तरफ आवागमन हेतु रास्ता छोड़कर बाउंड्रीवाल कराया जाय। | ट्रेनों की गति 160 किमी/घंटा करने के लिए रेलवे की ओर से ट्रैक के दोनों तरफ घेराबंदी किया जा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु रेलवे द्वारा सभी रेलवे समपार फाटकों पर अंडर पास या रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।<br>हिरोडीह रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कि.मी. 384/31 - 385/01 पर समपार फाटक संख्या – 32/C/E अवस्थित है जिस पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य स्वीकृत है। |
| 11 | हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन और हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में समानता के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस स्थिति में हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर सरिया रेलवे स्टेशन किया जाय। | स्टेशन के नाम में परिवर्तन राज्य सरकार के अनुशंसा करने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किया जाता है। |
| 12 | कोडरमा – नई गिरिडीह लाइन पर स्थित नवाडीह रेलवे स्टेशन पर न्यू गिरिडीह–रांची इंटरसिटी का ठहराव। | न्यू गिरिडीह–रांची इंटरसिटी का ठहराव नवाडीह स्टेशन पर दिनांक 22.02.24 से शुरु कर दिया गया है। |
| 13 | निर्माणाधीन कोडरमा – तिलैया रेलवे स्टेशन लाइन पर गझंडी के पास हाल्ट निर्माण। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी.702/MP meeting/DHN/24 दिनांक 06.03.2024 के माध्यम से मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 14 | अंत में उन्होंने महाप्रबंधक स्तर तथा मंडल रेल स्तर पर सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। | महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |

| 6. श्री जयंत सिन्हा , माननीय सांसद हजारीबाग के प्रतिनिधि चन्द्र भूषण प्रसाद | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **सुझाव** | **अभियुक्ति** |
| 1 | कोडरमा-हजारीबाग टाउन-बरकाकाना रेलखंड में आबादी के निर्बाध आवागमन हेतु अंडर पास तथा ROB के निर्माण करने की माँग की। | कोडरमा-हजारीबाग टाउन-बरकाकाना रेलखंड में किसी स्थान पर राज्य सरकार द्वारा approach road के सम्बन्ध में पुष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत ही सम्बंधित स्थान पर रेलवे द्वारा feasibility के आधार पर अंडर पास निर्माण हेतु विचार किया जाएगा। |
| 2 | उनके द्वारा मंडल के धनबाद-गया रेलखंड स्थित दिलवा स्टेशन किस संसदीय क्षेत्र में आता है इसकी जानकारी मांगी गई।<br>उक्त स्टेशन के निकट रेलवे टनल के ऊपर से सड़क गुजरती है। जिस पर काफी संख्या में वाहन गुजरते है। इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। | दिलवा स्टेशन, कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है।<br>महोदय के सुझाव को अनुपालन हेतु नोट किया गया। |
| 3 | उन्होंने कोडरमा-हजारीबाग टाउन-बरकाकाना रेलखंड से पटना राँची वन्दे भारत एक्सप्रेस तथा न्यू गिरिडीह – राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन आरंभ करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। | धन्यवाद महोदय। |
| 4 | बरही स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 5 | बरकाकाना-हजारीबाग टाउन-कोडरमा मार्ग से राँची से मुंबई के लिए नई ट्रेन शुरू करने की माँग की। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 6 | भुरकुंडा रेलवे साइडिंग का कार्य स्थानान्तरण कर अन्यत्र स्थान पर स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि आसपास के गांवों को प्रदूषण से बचाया जा सके। | वर्तमान में भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर प्रदुषण रोकथाम के लिए झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुपालन हेतु नियमित रूप से लोडिंग/अनलोडिंग के दौरान पानी का छिड़काव किया जाता है तथा वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है एवं धूलकणों को रोकने हेतु 20 फीट ऊँचे चहारदीवारी का निर्माण किया गया है। इसके अलावा समय – समय पर जारी निर्देश का पालन करते हुए तारपोलिन शीट्स का उपयोग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा गारलैंड ड्रेन का का निर्माण किया गया है। |
| 7 | ट्रेन सं. 18617/18 रांची न्यू गिरिडीह राँची इंटरसिटी बरही स्टेशन में ठहराव। | रांची-न्यू गिरिडीह-राँची इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव बरही स्टेशन पर दिनांक 11.02.2024 से शुरू हो गया है। |
| 8 | ट्रेन सं. 13151/52 जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस गझंडी एवं गुरपा स्टेशन में पुनः ठहराव। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 9 | ट्रेन सं. 13306 डाउन इन्टर सिटी एक्सप्रेस का दिलवा स्टेशन में ठहराव। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 10 | कोडरमा जिला चंदवारा प्रखंड ग्राम योगीडीह रेल मार्ग K.M 12/10 के पास अंडरपास/फ्लाईओवर निर्माण। | कोडरमा जिला चंदवारा प्रखंड ग्राम – योगीडीह, पिपराडीह स्टेशन तथा उरवाँ हॉल्ट के बीच स्थित है। यहाँ पर रेलवे का कोई समपार फाटक नहीं है। चूँकि यहाँ पर रेलवे का कोई लेवल क्रॉसिंग गेट नहीं है, अत: राज्य सरकार द्वारा approach road के सम्बन्ध में पुष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत ही उस स्थान पर रेलवे द्वारा feasibility के आधार पर अंडरपास या ओवर ब्रिज निर्माण के सम्बन्ध में विचार किया जाएगा। |
| 11 | ट्रेन सं. 18617/18 राँची न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन सुबह में न्यू गिरिडीह के तरफ से एवं शाम में राँची के तरफ के किया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्र सं. 702/एम पी मीटिंग /धनबाद/24 दिनांक 06.03.24 के माध्यम से मुख्यालय को अवगत कराया गया है। |
| 12 | ट्रेन सं. 03371/72 एवं 03607/08 कोडरमा बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन में 4/5 बोगी बढ़ाया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 13 | ट्रेन सं. 03605/06 एवं 03369/70 कोडरमा न्यू गिरिडीह पैसेंजर ट्रेन में 4/5 बोगी बढ़ाया जाए एवं रविवार को चलाया जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक ECR-HQOGMO (PQMP)/6/2020 दिनांक 01/03/2024 के माध्यम से रेलवे बोर्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 14 | लारीकला अंतर्गत आस-पास कोई ओवरब्रिज नहीं है। रेलवे फाटक से करीब 01 कि०मी० की दूरी सुनसान जगह पर रेल लाइन के अन्दर रोड बना हुआ है तथा आस-पास कोई ओवरब्रिज नहीं है। किसानों को बराबर पैदावार (उपज) लाने या जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को समय से पहुँचने में काफी परेशानी होती है। लारीकला में ओवरब्रिज नहीं होने से लगभग 2 प्रखंड और पांच पंचायत की आवागमन की सुविधा झेलनी पड़ रही है। ओवरब्रिज नहीं होने के कारण दूरी हो जाने के चलते दोनों प्रखंडो एवं सभी पंचायतों का व्यापारिक व्यवसाय ठप हो गयी है। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी/702/संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 07/03/2024 के माध्यम से दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |

| क्र.सं. | सुझाव | अभियुक्ति |
| --- | --- | --- |
| 15 | यात्रियों की सुविधा हेतु गोला रोड रेलवे स्टेशन (GRE) पर आधुनिक वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर व कैंटीन का निर्माण, साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। | इस सम्बन्ध में महोदय के सुझाव को पत्रांक सी/702/संसदीय समिति बैठक/धनबाद/24 दिनांक 07/03/2024 के माध्यम से दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है। |
| 16 | पतरातू रेलवे फाटक से पतरातू रेलवे स्टेशन (PTRU) तक सड़क का निर्माण। | पतरातू रेलवे फाटक (39/spl/T) से पतरातू रेलवे स्टेशन तक सड़क का निर्माण किया जा चुका है। |
| 17 | पतरातू के सरैया टोला रेलवे से लोको मार्केट होते हुए डीजल शेड तक सड़क का निर्माण। | पतरातू के सरैया टोला रेलवे से लोको मार्केट होते हुए गाँधी चौक तक RVNL द्वारा सड़क का निर्माण किया जा चुका है। गाँधी चौक से डीजल शेड तक सड़क निर्माण हेतु वर्ष 2024-25 में कार्य प्रस्तावित किया जाएगा अथवा राज्य सरकार चाहे तो सड़क मरम्मती के लिए रेलवे द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जा सकता है। |
| 18 | रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरपास ब्रिज:<br>i. हेन्देगिर रेलवे स्टेशन के समीप (ROB/RUB) | (i) हेन्देगिर रेलवे स्टेशन (km-136) के समीप कोई रेलवे समपार फाटक नहीं है। नई नीति के अनुसार, रेलवे भविष्य में ट्रेन-सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा, अतिक्रमण की गंभीरता और ट्रेन संचालन की गतिशीलता के आधार पर गैर एलसी स्थान पर एलएचएस/एफओबी के प्रस्ताव पर विचार कर सकता है। इसी के तहत हेन्देगिर रेलवे स्टेशन (km-136) के समीप FOB का कार्य 2024-25 में प्रस्तावित किया गया है। हेन्देगिर रेलवे स्टेशन के करीब 4 किलोमीटर पूर्व में रेलवे समपार फाटक स०-41/C/E (km-132/12-14) है, जिसपर LHS का निर्माण कर दिया गया है। |
